web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 21 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 232

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## भारतीय सेना बनी देवदूत, सिक्किम में फंसे 400 पर्यटकों को मौत के मुंह से बचा लाई

**गंगटोक (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने सिक्किम में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और सडक़ें बाधित होने के कारण फंसे महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 400 पर्यटकों को बचाया। रक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि शुक्रवार को मंगन जिले के लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग में भारी मूसलाधार बारिश देखी गई, जिसके चलते लगभग 400 पर्यटक, जो लाचुंग और लाचेन घाटी की यात्रा कर रहे थे, मार्ग में भूस्खलन और बाधाओं के कारण चुंगथांग में फंस गए। उन्होंने कहा कि चुंगथांग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट के अनुरोध पर सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने कार्रवाई की और फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया। 113 महिलाओं और 54 बच्चों सहित फंसे हुए पर्यटकों को बचाने के बाद तीन अलग-अलग सेना शिविरों में ले जाया गया और उन्हें गर्म भोजन और गर्म कपड़े मुहैया कराए गए। सैनिकों ने पर्यटकों को समायोजित करने और उन्हें रात के लिए आरामदायक बनाने के लिए अपने बैरकों को खाली कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि तीन मेडिकल टीमों का गठन किया गया था जिन्होंने सभी पर्यटकों की जांच की। सेना की मेडिकल टीम द्वारा प्रारंभिक चिकित्सा जांच में सभी पर्यटकों की हालत स्थिर पाई गई।



हालांकि, शनिवार को गुरुडोंगमार झील घूमने गई एक महिला ने तेज सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत की। पास के एक फील्ड अस्पताल से मेडिकल टीम स्थान पर पहुंची और एक्यूट माउंटेन सिकनेस (एएमएस) के लक्षणों का पता लगाया। उसे तत्काल चिकित्सा प्रदान की गई और गंगटोक के मेडिकल अस्पताल में आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया ने किसी भी दुर्घटना को टाल दिया और फंसे हुए पर्यटकों के लिए आराम सुनिश्चित किया। इस बीच, जल्द से जल्द वाहनों की आवाजाही के लिए सडक़ को खाली करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यटकों को उनकी आगे की यात्रा के लिए मार्ग साफ होने तक हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि हिमालय के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीमा की रक्षा करते हुए, भारतीय सेना पर्यटकों और स्थानीय आबादी को सहायता प्रदान करने में सक्रिय रहती है।

## भारतीय वायुसेना का बड़ा फैसला, मिग 21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर रोक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायु सेना ने आज अहम फैसला लेते हुए। मिग 21 विमान के पूरे बेड़े की उड़ान पर रोक लगा दी है। यह फैसला उड़ान के दौरान लगातार मिग 21 के हादसे का शिकार होने के मद्देनजर लिया गया। 8 मई को राजस्थान के हनुमानगढ़ में एक मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया था। इस हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई थी।

एयरफोर्स अधिकारियों ने कहा है कि हादसे की वजहों का पता लगने तक मिग विमान उड़ान नहीं भरेंगे। मिग-21 सिंगल इंजन और सिंगल सीट वाला मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट है। इसे 1963 में इंटरसेप्टर एयरक्राफ्ट के तौर पर इंडियन एयरफोर्स में शामिल किया गया था। अगले कुछ सालों में इसे अटैक फीचर्स के साथ अपग्रेड किया गया था। फिलहाल, एयरफोर्स में मिग-21 की 3 स्क्वाड्रन हैं। इन्हें 2025 की शुरुआत तक धीरे-धीरे रिटायर करने का प्लान है। एयरफोर्स के पास कुल 31 कॉम्बेट एयरक्राफ्ट स्क्वाड्रन हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यमुना नगर में 20 लाख रुपए की हेरोईन के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर (आरएनएस)।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल का हरियाणा में ड्रग्स के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टीम ने 361 ग्राम हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे 4 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस पूछताछ करके पूरे नेटवर्क का खुलासा करने की तैयारी कर रही है। डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक के बाद एक कई नशा तस्कर एंटी पुलिस के शिकंजे में आ रहे हैं। पिछले 15 दिनों में अब तक 1 किलो से अधिक हीरोइन बरामद की जा चुकी है। इसके साथ ही कई नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। डीएसपी ने बताया कि ताजा मामले में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 361 ग्राम हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान उत्तर प्रदेश में जिला शामली के गांव जहान पूरा के नादिर के रूप में हुई है। पकड़े गए तस्कर से बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। अब इसे कोर्ट में पेश कर 4 दिन के रिमांड पर लिया जाएगा। ताकि इस बारे में पता लगाया जा सके कि यह नशीला पदार्थ कहां से लेकर आता था और कहां-कहां सप्लाई करता था।

### अगले कुछ दिनों में पड़ेगी भयानक गर्मी, आईएमडी ने जारी किया का अलर्ट

**मुंबई (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। ताजा चेतावनी महाराष्ट्र के पुणे शहर को लेकर है। आईएमडी ने संकेत किया है कि पुणे में अगले कुछ दिनों के लिए अत्यधिक उच्च तापमान देखने को मिल सकता है और लोगों को अधिक गर्मी के लिए अभी से तैयार हो जाना चाहिए। मौसम विभाग के मुताबिक पुणे में रविवार को पारा 41 डिग्री के निशान को पार करने के लिए तैयार है। गर्मी का ये सितम अगले सप्ताह भी जारी रह सकता है। हालांकि मौसम विभाग ने कोई हीट वेव चेतावनी नहीं दी है। लेकिन आईएमडी ने लोगों को डिहायड्रेशन से सावधान रहने की चेतावनी दी है। हवा में उच्च नमी के कारण शरीर की प्राकृतिक ठंडक रुक जाती है जिससे डिहायड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। आईएमडी ने लोगों को सलाह दी है कि जितना हो सके हाइड्रेटेड रहें और सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। इसने लोगों से समय-समय पर पानी पीने की सलाह दी है। इसी बीच मौसम विशेषज्ञों ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने निकोबार द्वीप को छू लिया है। आईएमडी ने कहा कि वर्तमान गर्मी, गर्मी के मौसम की एक सामान्य प्रवृत्ति है। हालांकि, हवा में सामान्य से अधिक नमी होने के कारण रातें समान रूप से गर्म हो रही हैं। फिलहाल मौसम कार्यालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि केरल में मानसून के आने में एक जून की सामान्य तिथि से थोड़ा समय लगेगा।

## जयपुर के सरकारी ऑफिस की अलमारी से मिले 2.31 करोड़ रुपए और 1 किलो गोल्ड

**जयपुर (आरएनएस)।** पुलिस सूत्रों ने बताया कि जयपुर के योजना भवन की बंद अलमारी से 2.31 करोड़ रुपये से अधिक नकद और एक किलो सोना बरामद किया गया है। पुलिस ने नकदी और सोना जब्त कर लिया है।



योजना भवन के सात कर्मचारियों को अपराध के सिलसिले में हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि अलमारी में रखे ट्रॉली सूटकेस में 2,000 रुपये और 500 रुपये के नोट थे।

योजना भवन में आयकर, जन आधार आदि जैसे विभाग हैं। घटना के बाद मुख्य सचिव उषा शर्मा ने मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी दी।

शुक्रवार रात 11 बजे मुख्य सचिव शर्मा, डीजीपी उमेश मिश्रा और जयपुर पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव ने इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

जयपुर के पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव के अनुसार, वसूली तब हुई जब ई-फाइलिंग प्रोजेक्ट के तहत फाइलों के डिजिटाइजेशन के दौरान अधिकारियों को दो बंद अलमारी मिलीं। चाबी नहीं मिलने के चलते ताले तोड़े गए। जहां एक अलमारी में कुछ फाइलें मिलीं, वहीं दूसरी में नोटों से भरा ट्रॉली-सूटकेस था।

कर्मचारियों ने अशोक नगर थाने को सूचना दी। थानाध्यक्ष व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और नोटों को जब्त कर लिया। 2.31 करोड़ रुपये नकद के साथ एक किलो सोने के बिस्कुट भी बरामद किए गए।

## सीमावर्ती जिला जैसलमेर में रहकर जासूसी करने के आरोप में तीन पाक एजेंटों को 7-7 साल कठोर कारावास

**जयपुर (आरएनएस)।** सीमावर्ती जिला जैसलमेर में रहकर सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाओं का संकलन कर पाक स्थित गुप्तचर एजेंसियों को उपलब्ध करवाने के आरोप में गिरफ्तार तीन पाक एजेंटों को कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस इन्टेलीजेन्स एस सँगाधिर ने बताया कि 2 फरवरी 2017 को प्रकरण संख्या 01/2017 दर्ज कर सटीक खान पुत्र लतीफ खान निवासी चंगाणियों की बस्ती पुलिस थाना सम जिला जैसलमेर व बरियाम खान पुत्र मोरू खान निवासी किशनगढ़ पुलिस थाना रामगढ़ जिला जैसलमेर को गिरफ्तार किया था।

इसी प्रकार भारतीय सेना की गोपनीय सूचनाऐं पाक हैण्डलर को भेजने के आरोप में 16 फरवरी 2017 को प्रकरण संख्या 02/2017 दर्ज कर हाजी खान पुत्र रोजे खान् निवासी किशनगढ़ पुलिस थाना रामगढ़ जिला जैसलमेर को गिरफ्तार किया था।

उक्त दोनों प्रकरणों के तीनों अभियुक्तों के विरूद्ध बाद अनुसंधान कर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर प्रथम के न्यायालय में इस्तगासा पेश किया गया। 20 मई 2023 को प्रकरण संख्या 01/2017 के दोनों अभियुक्तों सहीक व बरियाम खान को शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 की धारा 3 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120बी के तहत दोषी मानते हुए 7-7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

इसी प्रकार प्रकरण संख्या 02/2017 के अभियुक्त हाजी खान को शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 की धारा 3 के तहत दोषी मानते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया है। उक्त दोनों प्रकरणों में अभियोजन पक्ष की तरफ से लोक अभियोजक अधिकारी राजेश मीणा द्वारा पैरवी की गई।

## आतंकवाद के खिलाफ एनआईए का एक्शन, 15 जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**जम्मू (आरएनएस)।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में शनिवार सुबह जम्मू कश्मीर के सात जिलों श्रीनगर, पुलवामा, अवंतीपोरा, अनंतनाग, शोपियां, पुंछ और कुपवाड़ा में 15 स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए के अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मी भी छापेमारी अभियान में शामिल हैं।




इससे पहले जम्मू कश्मीर पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने सीमा पार से आतंकवाद को वित्तपोषण तथा समर्थन देने के मामले में किश्तवाड़ और पुलवामा जिलों में पांच आतंकवादियों तथा तीन संदिग्धों के मकानों पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि किश्तवाड़ जिले के मकान पाकिस्तान से सक्रिय आतंकवादियों के हैं और वे क्षेत्र में आतंकवाद को फिर से खड़ा करने की कोशिश में लगे हैं।

बता दें कि एनआईए ने इससे पहले आतंकवादियों, नशीले पदार्थों के तस्करों और माफियाओं के बीच गठजोड़ से जुड़े मामलों में छह राज्यों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। जिन राज्यों में छापेमारी की गयी, उसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश शामिल हैं। एनआईए ने पिछले साल तीन मामले दर्ज किए थे, जिनमें आरोप लगाया गया था कि आतंकवादी संगठन और विदेश में मौजूद उनके समर्थक लक्षित हत्याओं और हिंसक आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने के लिए भारत के उत्तरी राज्यों में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के रूप में काम कर रहे हैं।

### एनआईए का एक्शन, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के फरार सहयोगी को आतंकवादी-गैंगस्टरड्रग तस्करी नेटवर्क में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी युद्धवीर सिंह उर्फ संधू के रूप में हुई है। एनआईए अधिकारी ने कहा कि युद्धवीर जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी है। वह बीते कई दिनों से गिरफ्तारी से बच रहा था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि युद्धवीर भारत के विभिन्न हिस्सों में खूंखार गैंगस्टरों और अपराधियों के इस्तेमाल के लिए सीमा पार से हथियारों की तस्करी करता था। बिश्नोई और सिंडिकेट के सदस्यों के आदेश पर युद्धवीर आपराधिक गिरोह के सदस्यों के सहयोगियों को भी शरण देता था। अधिकारी ने कहा कि एनआईए ने इससे पहले 24 मार्च को आईपीसी, शस्त्र अधिनियम और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। यह मामला दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटाने तथा युवाओं की भर्ती करने के लिए भारत-विदेशों में स्थित आपराधिक सिंडिकेट/गैंगों के सदस्यों द्वारा रची गई साजिश से संबंधित है।

**कर्नाटक सरकार शपथ ग्रहण समारोह**

## सिद्दारमैया ने सीएम और डीके ने डिप्टी सीएम के तौर पर ली शपथ



**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरू के कांतीरवा स्टेडियम में सिद्दारमैया ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री और डी.के. शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की है। आठ अन्य मंत्री ने भी शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को शपथ ग्रहण करवाई।

कर्नाटक राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, मक्कल नीडि माईम के प्रमुख कमल हसन, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती शामिल हुए।

## भारत-इंडोनेशिया द्विपक्षीय अभ्यास दक्षिण चीन सागर में हुआ संपन्न

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और इंडोनेशिया के बीच समुद्री सहयोग और युद्धाभ्यास का आयोजन किया गया है। इस तरह के अभ्यास के माध्यम से, दोनों देशों की नौसेनाएं अपनी क्षमताओं को मजबूत करने, संदर्भों में अभियोग्यता को दूर करने और संयुक्त परिस्थितियों में सहयोग को बढ़ावा देने का अवसर प्राप्त करती हैं। समुद्री चरण में आयोजित अभ्यास में इंटीग्रल चेतक हेलीकॉप्टर, डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान, ऱस्ड्ख (एंटी-सबमरीन वार्फेयर) कार्वेट आईएनएस कवारत्ती, हेलीकॉप्टर पैंथर, सीएन 235 समुद्री गश्ती विमान और केआरआई सुल्तान इस्कंदर मुदा शामिल थे। यहां तक कि वायु रक्षा और पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास जैसे कई जटिल अभ्यास भी किए गए। इससे साथ ही, हथियार फायरिंग और हेलीकॉप्टर संचालन जैसी कौशलों का विकास भी हुआ।दोनों देशों के नौसेना अधिकारियों और कर्मियों के बीच संवाद, ज्ञान-विनिमय और मित्रता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। बंदरगाह चरण में, पेशेवर बातचीत होती है जहां नौसेना अधिकारी और कर्मी अपने विभागीय मुद्दों और समुद्री सुरक्षा के बारे में विचार-विमर्श करते हैं। इससे वे एक दूसरे के विचारों, अनुभवों और ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं और समुद्री सहयोग को सुनिश्चित करने के लिए संगठनित कदम उठा सकते हैं। इसके अलावा, टेबल टॉप अभ्यास भी किया जाता है जहां विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की जाती है और विभिन्न क्षेत्रों में नौसेना सहयोग के अवसर पर विचार किया जाता है। इसके साथ ही, खेल आदान-प्रदान भी होता है जिससे दोनों देशों के नौसेना कर्मियों के बीच मित्रता बढ़ेगी।अभ्यास समुद्र शक्ति-23 के सफल समापन ने भारत और इंडोनेशिया के बीच मजबूत साझेदारी का उदाहरण प्रदान किया है और सहकारी संबंधों के माध्यम से क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ाने के लिए दोनों नौसेनाओं की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।



इस अभ्यास में, भारतीय नौसेना का आईएनएस कवारत्ती और इंडोनेशियाई नौसेना का केआरआई सुल्तान इस्कंदर मुदा ने सहभागिता की। इसके साथ ही, इंडोनेशियाई नौसेना के समुद्री गश्ती विमान और हेलीकॉप्टर, जैसे कि पैंथर हेलीकॉप्टर और सीएन 235 समुद्री गश्ती विमान, भारतीय नौसेना के इंटीग्रल चेतक हेलीकॉप्टर और डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान के साथ संयुक्त अभ्यासों में शामिल हुए। इन अभ्यासों में, सामरिक युद्धाभ्यास, हथियार फायरिंग, हेलीकॉप्टर संचालन, वायु रक्षा, और पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास जैसे कई जटिल अभ्यासों को किया गया।

## पीएम मोदी का जी-7 के सातवें कार्य सत्र को संबोधन, बोले- पृथ्वी हमारी मां, हमें सुननी होगी इसकी पुकार

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती को ऊर्जा के संदर्भ से परे देखने की जरूरत पर बल देते हुए आज कहा कि यदि हम इन चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरतमंद देशों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और किफायती ऋण उपलब्ध नहीं करा सके तो इस संकट से निजात नहीं पा सकेंगे। मोदी ने आज यहां जी-7 के सातवें कार्य सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। अनेक संकटों से ग्रस्त विश्व में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा, आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से हैं। इन बड़ी चुनौतियों का सामना करने में एक बाधा यह है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल ऊर्जा के परिप्रेक्ष्य से देखते हैं। हमें अपनी चर्चा का दायरा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में पृथ्वी को माँ का दर्जा दिया गया है और इन सभी चुनौतियों के समाधान के लिए हमें पृथ्वी की पुकार सुननी होगी। उसके अनुरूप अपने आप को, अपने व्यवहार को बदलना होगा। इसी भावना से भारत ने पूरे विश्व के लिए मिशन लाइफ, अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए), आपदा निरोधक अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई), मिशन हाइड्रोजन, जैवईंधन गठजोड़, बिग कैट एलायंस जैसे संस्थागत समाधान खोजे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के किसान 'हर बूंद, अधिक उपज' के मिशन पर चलते हुए पानी की एक एक बूँद बचा कर प्रगति और विकास की राह पर चल रहे हैं। हम नेट ज़ीरो 2070 के हमारे लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। हमारे विशाल रेलवे नेटवर्क ने 2030 तक नेट ज़ीरो तक पहुँचने का निर्णय लिया है। इस समय भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता लगभग 175 गीगावॉट है। 2030 यह 500 गीगावॉट पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे सभी प्रयासों को हम पृथ्वी के प्रति अपना दायित्व मानते हैं। यही भाव हमारे विकास की नींव हैं और हमारी विकास यात्रा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में निहित हैं। भारत की विकास यात्रा में पर्यावरण प्रतिबद्धताएं कोई बाधा नहीं बल्कि उत्प्रेरक का काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, जलवायु कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमें प्रदूषण रहित और स्वच्छ तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला बनाना होगा। अगर हम जरूरतमंद देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और किफायती ऋण उपलब्ध नहीं कराएँगे तो हमारी चर्चा केवल चर्चा ही रह जायेगी। जमींन पर बदलाव नहीं आ पाएगा।